हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 16 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह देश के सर्वांगीण विकास के लिए फैसले लेते हैं।

एक समाचार एजेंसी के साथ साक्षात्कार में श्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की अपनी परिकल्पना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जब वह कहते हैं कि उनके पास कुछ बड़ी योजनाएं हैं, तो इसका गलत अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी महत्वाकांक्षी 2047 विकसित भारत परियोजना पर पिछले दो वर्षों से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बारे में रिपोर्ट बनाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति को कई सकारात्मक और अभिनव सुझाव मिले। उन्होंने कहा कि समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट लागू होने से देश को काफी फायदा होगा।

बीजेपी सरकार द्वारा निशाना बनाए जाने के विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए श्री मोदी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज किए गए मामलों में से ज्यादातर उन व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ है जिनका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि ईमानदार व्यक्तियों को डरने की जरूरत नहीं है लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को डर है।

चुनावी बांड पर एक सवाल का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका उद्देश्य चुनाव में काले धन के इस्तेमाल को रोकना था।

....

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक समाचार एजेंसी को दिये गये साक्षात्कार की आलोचना की है।

पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि एक घंटे से भी ज्यादा समय तक चले इस साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने एक बार भी महंगाई, किसानों की समस्याओं और बेरोजगारी पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने सिर्फ दो बार रोजगार शब्द का जिक्र किया जबकि शिक्षा, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और श्रमिकों से जुड़े मुद्दे उनके साक्षात्कार में पूरी तरह से गायब थे।

....

कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए गए 807 मतदान केंद्रों में से 25 स्थानों पर 64 संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान की गई है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान हेतू इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि सभी मतदाता निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा अपना अस्थाई चुनाव कार्यालय किसी भी मतदान केन्द्र की 200 मीटर की दूरी में खोले जाने की इज़ाजत नहीं है और ऐसे चुनाव कार्यालयों में संबंधित पार्टी का केवल एक झंडा और बैनर ही लगाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनाव कार्यालय खोलने के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

....

आज दुर्गा अष्टमी का पर्व पूरी श्रद्धा से मनाया जा रहा है।

श्रद्धालुओं ने सुबह पूजा अर्चना कर कन्या पूजन किया। पानीपत और जींद से हमारे संवाददाताओं ने जिले के विभिन्न मंदिरों में कंजक पूजन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की खबर दी है। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में मां की पूजा कर अपनी, समाज और देश की सुख समृद्धि की कामना की। कई भक्तों ने आज कन्या पूजन के बाद व्रत भी खोले।

कई जगह आज जागरण का आयोजन भी किया जा रहा है।

....

हरियाणा की सभी मण्डियों में खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और कल तक सभी खरीद एजेंसियों द्वारा लगभग 9 लाख 73 हज़ार टन गेहूं तथा लगभग 5 लाख 43 हज़ार टन सरसों की खरीद की गई है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा सभी खरीद एजेंसियों को रबी की फसलों की खरीद के दौरान बारिश, आंधी ओर तुफान से फसलों को बचाने के लिए पहले ही सख्त हिदायतें जारी की गई हैं। अब तक बारिश के कारण किसी भी मण्डी में फसलों के नुकसान होने बारे कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1500 करोड़ रुपए की अदायगी किसानों के खातों में कर दी गई है।

....

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पलवल में कल विजय संकल्प रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर शिरकत करेंगें।

विधायक दीपक मंगला ने कहा कि पलवल में आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने सभी वर्गो के हित में कार्य किया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की नीतियों के चलते लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों को भारी बहुमत हासिल होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए है जबकि कांग्रेस पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिल रहे है।

....